# राजस्थान की राजनीति

Tni आवाज़

आपकी आवाज के साथ....

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज

हिन्दुस्तान पत्रिका HINDUSTAN KI AWAZ

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

RAJHIN/2012/43137

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, बुधवार 08 मई, 2024 | वर्षः 2 | अंकः 196 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.


# राजस्थान में आग उगल रहा सूरज, एमपी और पंजाब में भी तपती गर्मी से लोगों का बुरा हाल

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** मौसम ने अपनी तपिश दिखानी शुरु कर दी है। तेज गर्मी और लू के कारण लोगों का बुरा हाल है। दिल्ली सहित अन्य राज्यों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मंगलवार को सबसे अधिक तापमान राजस्थान में 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद मध्य प्रदेश और पंजाब में रिकार्ड किया गया। देश के मैदानी क्षेत्र के सबसे गर्म शहरों में दमोह पांचवें नंबर पर रहा। दमोह में 44.8 डिग्री सेल्सियस और पंजाब में अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री पहुंच गया। पंजाब का लुधियाना सबसे गर्म रहा। दिल्ली का अधिकतम तापमान 42 डिग्री पर पहुंच गया। नजफगढ़ दिल्ली का सबसे गर्म इलाका रहा, यहां का तापमान 43.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि हवाओं का रुख दक्षिणी होने से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।

**IMD ने इन राज्यों के लिए की भविष्यवाणी**

अमृतसर, फरीदकोट, बरनाला व फिरोजपुर में भी अधिकतम तापमान 41 और गुरदासपुर, जालंधर, रोपड़ व पटियाला में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार कई शहरों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता हैं।



## मध्य प्रदेश में गर्म हवाओं के थपेड़ों ने बढ़ाई परेशानी

मध्य प्रदेश में गर्म हवाओं के थपेड़ों ने परेशानी बढ़ाई। दमोह में 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान इस सीजन का दिन का सबसे अधिक है। प्रदेश के 18 शहरों में अधिकतम तापमान 42 से 44.8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। हरियाणा का सिरसा मंगलवार को प्रदेश भर में सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम में बदलाव के साथ ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है।

## राजस्थान के बाड़मेर में पारा 45 के पार

राजस्थान के बाड़मेर में पारा 45.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं फलौदी, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जयपुर में 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिन कुछ प्रमुख शहरों सहित डेढ़ दर्जन जिलों में गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। पंजाब में भीषण गर्मी ने हाल बेहाल कर दिया। अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री पर पहुंचा, लुधियाना सबसे गर्म रहा। यहां पर अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

## मध्यप्रदेश का दमोह शहर दूसरे स्थान पर

मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बाड़मेर देश का सबसे गर्म शहर रहा। दूसरे स्थान पर रहा मध्यप्रदेश का दमोह शहर रहा जहां का अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तीसरे स्थान पर भी राजस्थान का जैसलमेर शहर रहा जहां का तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान के 5 जिले देश के कई शहरों से गर्म रहे।

## *9 शहरों का पारा 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर*

*मौसम केंद्र जयपुर की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान के 9 जिलों का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। सामान्य से ज्यादा तापमान की बात करें तो जयपुर पहले टॉप पर है जहां का तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। जैसलमेर में 44.5, गंगानगर में 44.2, जयपुर में 44.1, फलोदी में 44.0, बीकानेर में 43.6, पिलानी में 43.3, चूरू में 43.4 और कोटा का तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।*

## बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट के एक बूथ पर पड़े फर्जी वोट?! आज होगा दोबारा मतदान



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान में लोसभा चुनाव की 19 और 26 अप्रैल दो चरणों में वोटिंग हुई। कांग्रेस और बीजेपी दोनों पार्टियां अपने-अपने जीत के दावे कर रही हैं। बीजेपी जहां 25 में से 25 सीटें जीतने का दावा कर रही है, वहीं एक कांग्रेस भी बराबर की सीट जीतने का दावा कर रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा था कि राजस्थान में भाजपा की दो सीट जा सकती हैं। वहीं इधर सर्वे के मुताबिक, कांग्रेस 10 सीटों पर मजबूती का दावा कर रही है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर आरोल लगाकर इस्तीफा देने वाली राधिक खेड़ा ने राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। इधर, बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर चौहटन के दुधवा खुर्द पोलिंग बूथ पर फर्जी मतदान का मामला सामने आया है। चुनाव आयोग ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई कर आज फिर मतदान कराने का निर्णय लिया है। बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभ सीट पर चौहटन के दूधवा खुर्द गांव के बूथ नंबर 50 पर फर्जी मतदान का मामला सामने आया है। चुनाव आयोग ने मामले में 3 लोगों पर कार्रवाई करते हुए यहां फिर मतदान का निर्णय लिया है। मतदान 8 मई यानी बुधवार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पाकिस्तानी गुब्बारे के बाद मिला जिंदा बम

### राजस्थान के खेत में काम कर रहे किसान के फूल गए हाथ-पांव



राजस्थान की राजनीति

**अनूपगढ़(नि.सं.)** भारत- पाक सीमा से सटे राजस्थान के इलाके में लगातार सनसनी फैलाने वाली घटनाएं सामने आ रही है। बीते दिन अनूपगढ़ में पाकिस्तानी संदिग्ध गुब्बारा मिलने के बाद यहां खेत में बम मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। यहां मंगलवार को गांव 77 जीबीए में किसान को खेत में काम करते समय एक हैंड ग्रेनेड मिलने से सनसनी फैल गई। जिस खेत में हैंड ग्रेनेड मिला, उस समय यहां किसान खेत में पानी लगाने का काम कर रहा था। किसान ने इसकी सूचना अनूपगढ़ डीएसपी अमरजीत चावला को दी। सूचना मिलने पर डीएसपी अमरजीत चावला ने अनूपगढ़ पुलिस थाने के एसएचओ अनिल कुमार को टीम के साथ मौके पर भेजा। यहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हैंड ग्रेनेड का निरीक्षण करने के बाद उसे सुरक्षित गड्ढे में दबा दिया। पूरे मामले की जानकारी बीएसएफ के अधिकारियों को भी दी गई थी। किसान अवतार सिंह ने बताया कि जुलाई 2023 में भी उसके खेत से महज 200 मीटर की दूरी पर दो हैंड ग्रेनेड भी मिले थे, जिन्हें अगस्त 2023 में आर्मी ने डिफ्यूज कर दिया था। किसान अवतार सिंह ने बताया कि उसके खेत में गुरुदत्त सिंह (34) पुत्र मनजीत सिंह और महेंद्र सिंह (42) पुत्र पोला सिंह पानी लगा रहे थे। पानी लगाते समय उन्हें खेत में बमनुमा वस्तु दिखाई दी जिसकी सूचना दोनों ने किसान अवतार सिंह को दी। अवतार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर जब वह खेत पहुंचे तो देखा कि खेत में एक बम पड़ा हुआ है उन्होंने तुरंत प्रभाव से इसकी सूचना डीएसपी अमरजीत चावला को दी। डीएसपी के निर्देश पर अनूपगढ एसएचओ अनिल कुमार मौके पहुंचे। एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि यह हैंड ग्रेनेड एचई-36 है, इसकी पिन निकली हुई है।

## सचिन पायलट कन्हैया कुमार की सीट पर ऑब्जर्वर बने, हरीश चौधरी को पंजाब की सभी सीटों पर स्पेशल ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर(का.सं.)** पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बाद सचिन पायलट समेत राजस्थान के तीन और नेताओं को लोकसभा चुनावों में जिम्मेदारी दी गई है। हरीश चौधरी को पंजाब के स्पेशल ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हरीश चौधरी पहले पंजाब कांग्रेस के प्रभारी रह चुके हैं। छत्तीसगढ़ के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट को उत्तरी पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट और पूर्व विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी चांदनी चौक सीट के ऑब्जर्वर बनाए गए हैं। सचिन पायलट को जिस ?उत्तरी पूर्वी दिल्ली सीट के ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई है। उस सीट पर कांग्रेस ने इस बार कन्हैया कुमार को ?उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने यहां सांसद मनोज तिवारी को टिकट दिया है। उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सियासी और जातीय समीकरणों को देखते हुए पायलट को जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व विधानसभा स्पीकर डॉ. सीपी जोशी इस बार भीलवाड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार हैं, अब जोशी दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट के ऑब्जर्वर के तौर पर चुनावी मैनेजमेंट संभालेंगे। हरीश चौधरी लंबे समय तक पंजाब कांग्रेस के प्रभारी रहे हैं। लोकसभा चुनावों में पूरे पंजाब के स्पेशल ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी देना काफी अहम माना जा रहा है। पंजाब की गुरसादसपुर सीट से राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा चुनाव लड़ रहे हैं। पंजाब की सियासत में इस बार समीकरण काफी उलझे हुए हैं। पंजाब कांग्रेस की भारी गुटबाजी के बीच तालमेल बैठाना भी चुनौती है। हरीश चौधरी के पुराने अनुभव को देखते हुए जिम्मेदारी दी गई है। जिन नेताओं को लोकसभा चुनावों में जिम्मेदारी दी गई है, वे जल्द अब फील्ड में जाकर चुनाव की जिम्मेदारी संभालेंगे। अशोक गहलोत अमेठी सीट पर जाकर प्रचार संभालेंगे। सचिन पायलट अब तक छत्तीसगढ़ में चुनाव अभियान और प्रचार संभाल रहे थे। अब पायलट उत्तरी पूर्वी दिल्ली सीट पर चुनाव मैनेजमेंट और प्रचार का जिम्मा संभालेंगे।

## राजस्थान में कांग्रेस के 400 नेताओं पर लटकी तलवार, लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद पार्टी से हो सकती छुट्टी!

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान में कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 का रिजल्ट आने के बाद संगठन का पूरा चेहरा बदलने की तैयारी में हैं। प्रदेश कांग्रेस स्तर पर इस संबंध में एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। बस चुनाव के रिजल्ट के बाद राजस्थान कांग्रेस के प्लान पर दिल्ली आलाकमान की मुहर लगना बाकी है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद राजस्थान प्रदेश कांग्रेस में बड़े बदलाव होंगे। खासकर संगठन से जुड़े बड़े नेताओं की विदाई तय मानी जा रही है, जो चुनाव के दौरान निष्क्रीय रहे या जिन्होंने पार्टी के खिलाफ गतिविधियों में पर्दे के पीछे भूमिका निभाई। कांग्रेस ने राजस्थान में ऐसे 400 नेताओं की सूची तैयार कर ली है। इन नेताओं की जगह ऊर्जावान युवाओं को मौका देने पर विचार किया जा रहा है। इन नेताओं में विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी और कई पूर्व विधायक मंत्री भी शामिल है। राजस्थान में संगठन में फिलहाल करीब 2200 पदाधिकारी हैं। इनमें करीब 400 के आसपास ऐसे नेता है जो लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका का निर्वहन करने में विफल रहे हैं। कांग्रेस वॉर रूम की और से ऐसे नेताओं को नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया है कि चुनाव के दौरान आप कहां काम कर रहे थे। अपने प्रभार वाले क्षेत्र में आप कितनी बार गए आपने



कितनी मीटिंग ली। कांग्रेस के किस कार्यक्रम में आप शामिल हुए। नोटिस में जिस तरह का जवाब मिलेगा पार्टी उसी तरह से निर्णय लेगी। क्रॉस वेरिफिकिशन में निष्क्रिय पदाधिकारियों को कार्यकारिणी से बाहर कर दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के बीच राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ गतिविधियां करने वाले नेताओं को नोटिस देने की कार्यवाही की जा चुकी है। पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कांग्रेस नेता अमीन खान, तेजपाल मिर्धा और बालेन्दु शेखावत को पार्टी से निष्काषित किया जा चुका है। जबकि विधायक गणेश घोघरा को प्रत्याशी के नामांकन में नहीं पहुंचने पर नोटिस दिया जा चुका है। कुल मिलाकर कांग्रेस मानती है कि संगठन के स्तर पर निष्क्रियता के चलते ही लोकसभा चुनावों की वोटिंग पर इसका असर पड़ा था।

## भाटी के कर्मचारी को पीटा, 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**बाड़मेर(नि.सं.)** शिव विधायक और लोकसभा प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के कर्मचारी के साथ मारपीट के मामले में 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि उनके कर्मचारी धर्मवीर सिंह के साथ थाने में पिटाई की और बेवजह थाने में ले जाकर बैठाया। मामला सामने आने के बाद एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने 1 हेड कॉन्स्टेबल समेत? 3 कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। भाटी के कर्मचारी का आरोप है कि सोमवार रात को ऑफिस से बाइक पर अपने गांव की तरफ जा रहा था। इस पुलिस ने बाइक को रुकवाकर डॉक्युमेंट पूछे। डॉक्युमेंट नहीं होने पर सदर थाने ले गए और वहां मारपीट की। डीएसपी रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि बाइक के डॉक्युमेंट नहीं होने पर सदर थाना हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र कुमार के साथ धर्मवीर में कहासुनी हो गई थी। हेड कॉन्स्टेबल ने धर्मवीर सिंह को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। रात में ही उसका मेडिकल करवाया गया। उन्होंने बताया कि एसपी मंगलवार को जब इस घटना की जानकारी मिली तो हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र समेत कॉन्स्टेबल वीरेंद्र, चंद्र शेखर, अचलाराम को सस्पेंड कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पतंजलि केस में जज के बयान पर रिएक्ट करना आईएमए चीफ को पड़ा भारी, सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, 14 मई तक मांगा जवाब

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) के अध्यक्ष के विवादित बयान पर मंगलवार को नोटिस जारी कर उनसे 14 मई तक जवाब मांगा है. दरअसल, आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा कि आईएमए चीफ डॉ आर.वी. अशोकन के जानबूझकर दिए गए बयान तात्कालिक कार्यवाही में सीधा हस्तक्षेप हैं और न्याय की प्रक्रिया में दखलअंदाजी करते हैं. उन्होंने अशोकन के बयान को निंदनीय प्रकृति का बताया और कहा कि यह टिप्पणी जनता की नज़र में इस माननीय न्यायालय की गरिमा और कानून की महिमा को कम करने का एक स्पष्ट प्रयास है. बालकृष्ण ने अपनी याचिका में अशोकन के खिलाफ कानून के अनुरूप कार्रवाई की मांग की है. आईएमए के अध्यक्ष अशोकन ने एक



न्यूज एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा था कि ये बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए और प्राइवेट डॉक्टरों की प्रैक्टिस की आलोचना की. उन्होंने कहा था कि शीर्ष न्यायालय के कुछ बयानों ने प्राइवेट डॉक्टरों का मनोबल कम किया है और हमें ऐसा लगता है कि उन्हें देखना चाहिए था कि उनके सामने क्या जानकारी रखी गई है. उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए यह भी कहा कि प्रख्यात और सार्वजनिक हस्तियों को किसी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान जिम्मेदाराना व्यवहार करना चाहिए. शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि किसी विज्ञापन को जारी करने की अनुमति देने से पहले, 'केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम,1994' के अनुसार विज्ञापनदाताओं से एक स्व-घोषणा पत्र हासिल किया जाए. वर्ष 1994 के इस कानून का नियम-सात एक विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है, जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाये जाने चाहिए. न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को इसे भ्रामक विज्ञापनों और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा. पीठ ने कहा, "प्रख्यात लोगों, 'इन्फ्लुएंसर' और सार्वजनिक हस्तियों द्वारा समर्थन किये जाने से उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने में काफी मदद मिलती है तथा विज्ञापन के दौरान किसी भी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान और उसकी जिम्मेदारी लेते समय उनके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करना अनिवार्य है." शीर्ष अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है. न्यायालय 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पतंजलि और योग गुरु रामदेव ने कोविड टीकाकरण और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को बदनाम करने का अभियान चलाया. पीठ ने पतंजलि के उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापनों की आलोचना की है. इन विज्ञापनों को अब निषिद्ध कर दिया गया है, लेकिन वे विभिन्न इंटरनेट चैनलों पर अब भी उपलब्ध हैं.

# तीसरे चरण में 61.55 प्रतिशत मतदान, असम में सबसे ज्यादा तो महाराष्ट्र में सबसे कम पड़े वोट

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 लोकसभा सीटों पर 61.55 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान बंगाल में छिटपुट हिंसा की घटनाओं के बावजूद मतदान शांतिपूर्ण रहा। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में तो गृह मंत्री शाह ने अहमदाबाद में मतदान किया। तीसरे चरण में 75.30 प्रतिशत के साथ सबसे ज्यादा मतदान असम में हुआ है। वहीं, बंगाल में 73.93 प्रतिशत और सबसे कम 54.98 प्रतिशत मतदान महाराष्ट्र में हुआ है। 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने आज मतदान वाली 93 सीटों में से 72 सीटों पर जीत दर्ज की थी। बता दें कि पहले दो चरण में 543 में से 189 सीटों पर



वोटिंग पूरी हो चुकी है। तीसरे चरण में 93 सीटों पर मतदान हुआ है। ऐसे में लगभग आधी सीटों पर मतदान हो चुका है, जबकि अगले चार चरण 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे। मतगणना चार जून को होगी। इस चरण में गृह मंत्री अमित शाह (गांधीनगर), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मंडाविया (पोरबंदर), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रल्हाद जोशी (धारवाड़), एसपी सिंह बघेल (आगरा), डिंपल यादव (मैनपुरी), सुप्रिया सुले (बारामती) और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह (राजगढ़) से मैदान में हैं। उत्तर प्रदेश में 10 सीटों करीब 55.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव, भाजपा प्रत्याशी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और बसपा से शिवप्रसाद यादव मैदान में हैं। बेवर के गांव तेजगंज में मतदान केंद्र पर मारपीट और पथराव हुआ। आरोप है कि सपा कार्यकर्ता यहां पोलिंग डंप करने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के पुत्र सुमित प्रताप सिंह ने विरोध किया तो अराजक तत्वों ने पथराव कर दिया। पथराव में सुमित प्रताप का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ (पैक्सफेड) के चेयरमैन की कार पर भी हमला हुआ। आरोप है कि हमलावरों ने अखिलेश यादव जिंदाबाद का नारा भी लगाया। संभल में फर्जी मतदान की शिकायत पर पुलिस ने लाठियां फटकारकर लोगों को बाहर निकाला। सपा प्रत्याशी के साथ पुलिस अधिकारियों की तीखी नोकझोंक भी हुई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता मैनपुरी में ''बूथ लूटने'' की कोशिश कर रहे थे और विपक्षी दलों के लोगों को पुलिस स्टेशनों में हिरासत में लिया जा रहा था। चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार की पांच सीटों पर 60 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि, यह पिछले लोस चुनाव से 01.22 प्रतिशत कम है। गुजरात की 25 सीटों पर 55.22 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुना जा चुका है। छत्तीसगढ़ में 70 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां नगरीय क्षेत्रों में कम और ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में ज्यादा मतदान हुआ है। अन्य राज्यों में, गोवा में 74.32 प्रतिशत, कर्नाटक में 66.05 प्रतिशत, दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव में 65.23 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में शाम पांच बजे तक 62.28 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

कोटकासिम पुलिस की आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही

## गांव कतोपुर में जानलेवा हमले की घटना एवं पुलिस थाने का हिस्ट्रशीटर सहित तीन अन्य साथियो को किया गिरफ्तार



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ धरपकड़ अभियान के तहत क्षेत्र के गांव कतोपुर में जानलेवा हमले की घटना करने वाले हिस्ट्रशीटर एक बदमाश सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरेपियों के पास से पुलिस ने घटना में काम लेने वाली एक बाईक सहित कुछ लाठी डंडे भी बरामद किये है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 3 अप्रैल को गांव कतोपुर के जंगल में रात्रि करीब 11 बजे अमित उर्फ जॉन पुत्र रतिराम
यादव पर जानलेवा हमला करने वाले हिस्ट्रशीटर विकास उर्फ अकबर पुत्र युधिष्टर यादव उम्र 30 वर्ष निवासी कतोपुर व उसके साथी रितेश पुत्र कप्तान सिंह यादव उम्र 24 वर्ष निवासी कतोपुर, नितिन उर्फ काला पुत्र मेहताब सिंह यादव निवासी कतोपुर, विजयपाल उर्फ मोगली पुत्र ईश्वरसिंह यादव 28 वर्ष निवसी गुरावड़ा थाना रोड़ाई जिला रेवाड़ी हरियाणा को कोटकासिम थाना अधिकारी नन्दलाल जांगिड़ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर घटना के समय काम में लेने वाली एक बाईक सहित लाठी डंडे बरामद कर कामयाबी हांसिल की है।

## श्री दिगम्बर जैन मंदिर के वार्षिकोत्सव पर किया प्रसाद वितरित

पूजा-अर्चना कर मनाया वार्षिकोत्सव



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** मंगलवार को पीठ मौहल्ला स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर के प्रांगण में जैन समाज के लोगो द्वारा मंदिर का वार्षिकोत्सव धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में सुबह के समय पूजा-पाठ व शांति विधान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं मंदिर के वार्षिकोत्सव पर जैन समाज के लोगो द्वारा राहगीरो एवं आस-पास के दुकानदारो, व्यापारियो को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से आये जैन समाज के लोगो द्वारा भाग लिया गया।

## खिलाड़ी खेल जगत में आगे बढ़कर अपने देश का नाम करें रोशन - अशोक चांदना (पूर्व मंत्री)



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना उप तहसील क्षेत्र की अनंदगंज पंचायत के मुंडघसा में चल रही श्री चारभुजा नाथ क्लब की ओर से चल रही सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व खेल मंत्री, वर्तमान हिंडोली ,नैनवा विधायक अशोक चांदना रहे। समापन के अवसर पर पूर्व मंत्री चांदना ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की खेलों से शरीर के सर्वांगीण विकास के साथ ही सामूहिक एकता कायम होती है। ग्रामीण अंचल में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ी अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए खेल जगत में आगे बढ़कर अपने माता-पिता, गांव एवं देश का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि चांदना ने कहा कि सामूहिक एकता विकास एवं प्रगति की ओर ले जाकर असंभव कार्य को भी संभव बना देती है। इसलिए ऐसे आयोजनों का होना हमारे जीवन में सार्थकता पैदा करता है। फाइनल मैच आयोजक टीम के चारभुजा क्रिकेट क्लब एवं शंकरपुर कंजर बस्ती की टीम के बीच हुआ। जिसमें चिंटू की कप्तानी में शंकरपुरा कंजर बस्ती की टीम ने जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि चांदना ने विजेता टीम के कप्तान चिंटू को पारितोषिक स्वरूप 7500 रूपये तथा उप विजेता टीम के कप्तान मुकेश यादव को 5500 रुपए प्रदान किए । कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी अध्यक्ष केशरी लाल यादव ने की। वशिष्ठ अतिथि समाजसेवी महावीर मीणा, राजू गुर्जर भंवरलाल यादव, ईशाक भाई रहे। इससे पहले आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का तिलक लगा, माला पहना,साफा बंधवाकर जोरदार स्वागत सत्कार किया।

# कोटकासिम के उपखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्यवाही से मचा हडकम्प

तत्कालीन उपखंड अधिकारी पर फैसला पक्ष में करने के लिए साढे 12 लाख रूपये की रिश्वत की शिकायत पर एसीबी की कार्यवाही



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** मंगलवार को कोटकासिम उपखंड कार्यालय पर अचानक एसीबी की टीम की कार्यवाही से कार्यालय पर कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियो में हडकम्प मच गया। वही एसीबी की टीम में आये अधिकारियो द्वारा कार्यलय में मौजूद समस्त स्टाफ को यथावत स्थान पर रखकर कार्यालय में प्रवेश व बाहर जाने के लिए पाबंद कर दिया। करीब एसीबी की टीम में मौजूद अधिकारियो द्वारा 4 घंटे तक मामले का अनुसंधान किया गया। इस दौरान आस-पास के कार्यालयो पर भी अधिकारी व कर्मचारी चौकन्ने नजर आये। विभाग के सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार एसीबी मुख्यालय क निर्देश पर जयपुर एवं अलवर द्वितीय इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए ओरापी रामकिशोर मीणा तत्कालीन उपखंड अधिकारी कोटकासिम के विरूद्ध दलाल ज्ञानीराम बाबा, राजाराम एवं विक्रम सिंह तीनो प्राईवेट व्यक्तियो के माध्यम से 12 लाख 50 हजार रूपये की रिश्वत मांगने के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में दर्ज मामले के अनुसंधान एवं कार्यवाही की गई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिर्देशक पुलिस डॉ0 रविप्रकाश मेहरडा ने बताया की एसीबी की जयपुर नगर द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी की रिवेन्यू वाद में फैसला पक्ष में करने की ऐवज में तत्काल उपखंड अधिकारी रामकिशोर मीणा द्वारा अपने दलाल ज्ञानीराम बाबा, राजाराम एवं विक्रम सिंह के माध्यम से साढे 12 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग की गईहै। प्रकरण पर एसीबी जयपुर के उपमहानिर्देशक के सूपरविजन में एसीबी जयपुर निगम द्वितीय इकाई के उप अधिक्षक पुलिस अभिषेक पारीख के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। सत्यापन से मामला सही पाया जाने पर प्रथम दृष्टया एवं रिश्वत मांग स्पष्ट पाये जाने पर मामले में आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में मामला दर्ज किया गया। प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी उप अधिक्षक पुलिस परमेश्वरलाल एसीबी इकाई अलवर द्वितीय को नियुक्त किया गया। अनुसंधान अधिकारी द्वारा कार्यालय उपखंड अधिकारी कोटकासिम पर अनुसंधान कार्यवाही की गई। कार्यवाही में आरोपियो के विरूद्ध महत्वपूर्ण साक्ष्यो को संकलन किया गया। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अर्न्तगत विधि सम्वत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## गर्मी के चलते बेजुबान पक्षियों के लिए अधिक से अधिक बांधे परिंडे लगाकर दाने पानी की करें व्यवस्था - नमोनारायण शर्मा

राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना कस्बे में समाजसेवी नमोनारायण शर्मा एवं परिजनों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए बेजुबान जीव पक्षियों के लिए पानी के परिंडे बांधकर दाने,पानी डालने व साफ-सफाई रखने की जिम्मेदारी ली। समाजसेवी शर्मा ने कहा की बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाना पूण्य कार्य है। परिंडे लगाने से बेजुबान परिंदे तपती धूप में अपनी भूख व प्यास बुझा कर



गर्मी से अपनी जान बचा सकेंगे। शर्मा ने बताया कि गर्मी के चलते बेजुबानों के जीवन के बारे में सोच कर परिंडे लगाने की ठानी है। गर्मी के मौसम में हमें अधिक से अधिक परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। इस दौरान केशव शर्मा,मंयक गौतम,खूशी शर्मा,लखन गौतम, विवेक गौतम, भूवनेश्वरी, गायत्री, सावित्री आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सांसद प्रज्वल रवन्ना के खिलाफ कांग्रेस का दौसा में प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा में महिला कांग्रेस द्वारा भाजपा सांसद प्रज्ज्वल रवन्ना के खिलाफ़ महिला उत्पीड़न के 1000मामले सामने आने पर राष्टपति के नाम जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रूक्मणी गुप्ता ने कहा भाजपा जहां महिला सशक्तिकरण की बात कर ती है वही दूसरी ओर भाजपा सांसद के द्वारा महिला उत्पीडन के इतने बड़े पैमाने पर मामले सामने आया है। ऐसे में देश में महिला बच्चियां ही सुरक्षित नहीं है। इस लिए कांग्रेस के द्वारा मगंलवार को राष्टपति के नाम दौसा जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सोपा है और राष्टपति से भाजपा सांसद प्रज्वल रवन्ना को गिरफ्तार करके की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## दौसा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया जायेगाः शंकर शर्मा



शोभायात्रा के दौरान 2100 कलशों, डीजे, बैंड बाजा, ऊंट, घोड़े हाथी भी होंगे शामिल

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा जिला मुख्यालय पर 10 मई अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्म उत्सव समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को परशुराम धर्मशाला में पूर्व विधायक शंकर शर्मा के नेतृत्व में समाज बंधुओ ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दौसा के सोमनाथ मंदिर से लेकर चाणक्य छात्रावास तक शाही लवाजमा के साथ भगवान परशुराम की झांकी निकली जायेगी, साथ ही 2100 मंगल कलशो की यात्रा भी निकली जायेगी। आयोजन समिति ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान 2100 कलशों की शोभा यात्रा के साथ डीजे ,बैंड बाजा, ऊंट, घोड़े हाथी भी शोभा यात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान दौसा शहर में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत सत्कार भी किया जाएगा। शोभा यात्रा के दौरान शाहि बग्गी में भगवान परशुराम की झांकी निकली जायेगी। वहीं 1008 दीपों की महा आरती का भी आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के बंधु मौजूद रहे।

## कोटकासिम के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश हुए प्रारंभ

12 मई तक होगें ऑनलाईन आवेदन

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** कस्बे के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से प्रांरभ कर दी गई है। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रवेश चाहने के इच्छुक विद्यार्थी या उनके अभिभावक 12 मई तक आवेदन कर सकते है। संस्था प्रधानाचार्यछोटूराम रैगर ने बताया की स्कूलों में कक्षावार रिक्त सीटों तथा प्राप्त आवेदनों की सूची 13 मई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर देगें। वही 14 मई को प्राप्त आवेदनों तथा कक्षावार रिक्तियों के अनुसार लॉटरी निकाली जायेगी। चयनित विद्याथियों की सूची 15 मई को विद्यालय के सूचना पट पर चस्पा कर दी जाएगी। वहीं 16 मई को स्कूलो में प्रवेश कार्य शुरू होगा। वही 1 जुलाई से शिक्षण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। जिन महात्मा गांधी स्कूलों में कक्षा पहली की कक्षाएं शुरू होती है उनमें पहली कक्षा की सभी सीटों पर प्रवेश दिये जाएंगे।

### इस तरह निर्धारित है सीटे

महात्मा गांधी तथा राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पहली से 5वीं तक के 30 विद्यार्थी प्रति सेक्षन, कक्षा 6 से आठ तक 35 विद्यार्थी प्रति सेक्षन तथा कक्षा 9 से 12वीं तक की कक्षाओं में 6 0 विद्यार्थी प्रति सेक्षन सीटें निर्धारित है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों को शीघ्र करें पूर्ण, नहीं तो होगी विभागीय कार्यवाही- विमल कुमार नागर



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना पंचायत क्षेत्र में हिंडोली तकनीकी सहायक अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों का निरीक्षण किया। ग्राम विकास अधिकारी हरिओम शर्मा ने बताया कि हिंडोली तकनीकी सहायक अधिकारी विमल कुमार नागर ने दबलाना पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधूरे पड़े आवासों का निरीक्षण कर लाभार्थियों को अपने अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। तकनीकी सहायक अधिकारी नागर ने कहा कि अधूरे आवासों शीघ्र पूरा नहीं करने पर उक्त लाभार्थियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएंगी। इस दौरान दबलाना पंचायत कनिष्ठ सहायक राम लक्ष्मण गुर्जर एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

## खोढी निवासी किसान की जहरीले कीड़े के काटने से हूई मौत



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना थाना क्षेत्र की सांवतगढ पंचायत के खोढी गांव निवासी किसान की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हुई। दबलाना थाना अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने बताया कि रिजका फसल की रखवाली करते समय सोमवार रात जहरीले कीड़े के काटने से खोढी निवासी धर्मराज 27 पुत्र सीताराम मीणा की मौत हो गई । पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौपा तथा मर्ग दर्ज किया। थाना अधिकारी सिकरवार ने बताया कि मृतक सोमवार रात को खाना खाने के बाद रिजका के फसल की रखवाली करने गया और वहां उसको किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। अन्य दिनों की तरह मंगलवार को घर नहीं पहुंचने पर परिजन तलाश करने के लिए खेत पर गए तो वह मृत अवस्था में मिला। मृतक के छोटे भाई की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हिंडोली सी एच सी ले जाया गया। सहायक थाना अधिकारी कमलेश कुमार गुर्जर ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंपा। मृतक के छोटे भाई दौलत राम मीणा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरु की।

## नगर पालिका ने की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, व्यापारियों ने किया विरोध

विरोध देख लौटना पडा पुलिस व पालिका प्रशासन को, एसडीएम से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधीमंडल



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** कस्बे के मुख्य बाजार में जाम की समस्या होने व बार-बार बैठक में मुद्दा उठने के बाद मंगलवार को नगर पालिका प्रशासन ने सरकारी नाला के ऊपर व नाले से बहार हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। लेकिन, कार्रवाई दौरान नगर पालिका टीम ने बिना सूचना के जेसीबी की सहायता से दुकानों पर लगे टीनशेड़ को हटाने का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने पुलिस व नगर पालिका प्रशासन का विरोध करते हुए नाराजगी जताई। व्यापारियों के विरोध को देखते हुए पुलिस व नगर पालिका प्रशासन को वापिस लौटना पडा।
इससे पहले नगर पालिका प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में डहरा रोड़ स्थित पेट्रोल पंप से सरकारी नाले के ऊपर हो रहे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरु की। बाद में मुख्य बाजार में दुकानों पर लगे टिनशेड़ को हटाने दौरान व्यापारियों ने जमकर विरोध जताया। व्यापारियों का आरोप है कि, नगर पालिका प्रशासन की ओर से नाले के ऊपर अतिक्रमण करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। लेकिन, नगर पालिका प्रशासन ने बिना सूचना दिए जेसीबी से दुकानों के सामने लगी टीनशेड़ को हटाना शुरु कर दिया। बाद में नगर पालिका प्रशासन पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। जिसमें व्यापारियों ने निर्धारित सीमा चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए प्रशासन कर हरसंभव सहयोग करने को कहा। जिस पर एसडीएम गंगाधर मीणा ने सीमा निर्धारित करने व अतिक्रमण की कार्रवाई से पहले व्यापारियों को सूचित करने का आश्वासन दिया।

## सुजानगंगा में कचरा डालते पाये जाने पर 500 रूपये का चालान किया




राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** सुजानगंगा निरीक्षण के समय कचरा फैलाते हुए पाये जाने पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्वेता यादव ने मौके पर ही कार्यवाही करते हुए कचरा डालने वालों के खिलाफ चालान बनाकर भविष्य में कचरा नहीं डालने के लिए पाबंद किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने बताया कि मंगलवार को सुजानगंगा निरीक्षण के समय छोटा घाट पार्किंग के पास गन्ने के जूस विक्रेताओं द्वारा कचरे को एकत्रित कर सुजानगंगा में डालते हुए पाया गया। सुजानगंगा को संरक्षित एवं साफ-सुथरा रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं जिसके तहत स्थानीय नागरिकों को कचरा नहीं डालने के लिए सूचित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मौके पर ही नगर निगम की टीम से ऐसे सभी गन्ना जूस विक्रेताओं को चिन्हित कर भविष्य में कचरा नहीं डालने के लिए पाबंद किया गया तथा कचरा डालते पाये गये गन्ना जूस विक्रेताओं का 500 रूपये का चालान किया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में किसी भी व्यक्ति द्वारा सुजानगंगा में कचरा फेंकते पाये जाने पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस दौरान अधीक्षण अभियंता महेश परालिया, सहायक अभियंता राधेश्याम सहित निगम की टीम मौजूद रही।

# पूर्व-विधायक की पत्नी समेत 6 के खिलाफ एफआईआर के आदेश, बेटी बोली- पापा के साथ दादू मारपीट करते थे, मां के साथ एसपी ऑफिस पहुंची

**भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा जिला कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की पत्नी समेत 6 महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं। रविवार रात 11 बजे धाकड़ की बेटी ने अपनी मां पद्मिनी के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दादा और बुआ पर मारपीट कर घर से निकालने की बात कहते हुए मदद की गुहार लगाई थी। वीडियो सामने आने के बाद पूर्व विधायक ?धाकड़ के पिता पूर्व जिला प्रमुख कन्हैयालाल ने सोमवार को कोर्ट में इस्तगासा दायर कर बहू पद्मिनी और 6 अन्य महिलाओं के खिलाफ FIR दर्ज करने की अपील की थी। पद्मिनी का आरोप है कि ससुर घर में नहीं रहने देते, कहीं अन्यत्र रहती हूं तो पीछे गुंडे लगा देते हैं। कन्हैयालाल ने सोमवार को वकील तुषार डांगी के जरिए कोर्ट में इस्तगासा दायर किया। जिसमें मृतक बेटे विवेक धाकड़ की पत्नी पद्मिनी के अलावा अनीता पत्नी चंद्रदेव आर्य, वंदना सिंह पत्नी राजेश सिंह (जम्मू), नर्मदा सिंह पत्नी श्रीराम राजपूत (ग्वालियर मध्य प्रदेश), कृष्णा देवी पत्नी सुरेश मेहता (महावीर नगर, कोटा), कावेरी पत्नी महेश चंद्र निवासी (हरिद्वार) के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट पश्चिम में 306 , 406 , 506 , 323 , 120 की धाराओं में मामला दर्ज करने की अपील की थी। इस्तगासे में बताया- 25 अप्रैल को एसपी राजन दुष्यंत से मिले और बहू की शिकायत करते हुए रिपोर्ट दी। 5 मई को भी सुभाष नगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट पेश की, लेकिन पुलिस ने न मुकदमा दर्ज किया, न ही किसी तरह की कोई कार्रवाई की। इसलिए कोर्ट की शरण ली। कन्हैयालाल ने बहू पद्मिनी पर अपने बेटे को परेशान व प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। यह भी लिखा है कि पद्मिनी ने ऐसे कई कारण पैदा किए जिसके चलते विवेक के पास सुसाइड के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा। बेटे विवेक की मौत के बाद पद्मिनी ने परिवार को सड़ा-सड़ाकर मारने और सारी प्रॉपर्टी अपने नाम करने की बात कही थी।




### पद्मिनी बोलीं- ससुर घर में नहीं रहने देना चाहते

सोमवार देर शाम धाकड़ की पत्नी पद्मिनी (45) ने अपनी बेटी अवनी (14) ने के साथ एसपी राजन दुष्यंत से मुलाकात की। उन्होंने अपने ससुर कन्हैयालाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा - ससुर मुझे घर में नहीं रहने देना चाहते हैं। मैं ससुराल (सुभाष नगर, भीलवाड़ा) जाती हूं तो गाली-गलौज और मारपीट करके घर से भगा दिया जाता है। रविवार सुबह मैं और बेटी अवनी घर गए तो हमारे साथ मारपीट की गई। मैंने सुभाष नगर थाना पुलिस को फोन करके बुलवाया। पुलिस ने मुझे और मेरी ननद को थाने में बैठाया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। शाम को घर लौटी तो रात में फिर गाली-गलौज और मारपीट की। इसके बाद मां-बेटी को घर से बाहर निकाल दिया। रविवार देर रात बेटी अवनी ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया। ताकि जो लोग इस वीडियो को देखें वो कुछ मदद करें। वीडियो सामने आने के बाद भी कुछ खास हेल्प नहीं मिल पाई। जांच अधिकारी और सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज ने बताया- परिवार के दोनों पक्षों के बीच रविवार को झगड़ा हुआ था। उन्हें थाने लाकर समझाया। दोनों पक्षों की ओर से इस संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई करेंगे।

### एसपी से कहा- घर में नहीं तो सामने वाले मकान में रहने दें ससुर

पद्मिनी ने बताया- एसपी से पति के घर में रहने की इच्छा जाहिर की है। अगर ससुर घर में नहीं रखना चाहते तो सामने वाले दूसरे मकान में रहने दें। वहां भी नहीं रहने देना चाहते तो 10-15 दिन का समय दें। ताकि मैं बेटी के साथ कहीं रहने की व्यवस्था कर सकूं। अगर मैं भीलवाड़ा में कहीं किराए पर भी मकान लेकर रहूंगी तो वे वहां भी नहीं रहने देंगे। हमें कोई भी किराए पर मकान नहीं देगा। बेटी के साथ कहां रहूं? जहां भी रहती हूं, ससुर निगरानी करते हैं। हॉस्टल के लड़के आकर धमकाते हैं। एसपी से मुलाकात की थी, उन्होंने कहा है कि अपनी व्यवस्था खुद कीजिए।

## कार में गैस डालते समय ब्लास्ट, 50 लाख का नुकसान

**झुंझुनूं**

झुंझुनूं जिले के दलेलपुरा गांव में बड़ा हादसा हो गया। गैस डालते समय कार में ब्लास्ट हो गया। कार, दो मोटरसाइकिल समेत घर का अन्य सामान जल गया। धमाका इतना तेज था कि मकान की पट्टियां टूट गईं। इसके अलावा घर में रखा कूलर, फिज, वाशिंग मशीन समेत सामान जल कर खाक हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे हुआ। हादसे के दौरान घर में 7 लोग मौजूद थे। पड़ोसियों ने फंसे हुए लोगों को बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दो फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड कर्मचारी गौतम ने बताया- दलेलपुरा निवासी घनश्याम सोनी के घर में आग लगने की सूचना मिली थी। गाड़ी में गैस डालते समय हादसा हुआ। घर में ही एलपीजी सिलेंडर से कार में गैस डाली जा रही थी। आग पर काबू पा लिया है। पड़ोसियों के अनुसार जिस समय हादसा हुआ घर के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में मौजूद थे। धमाके की आवाज सुनी तो दौड़कर गए। आनन-फानन में खिड़की तोड़कर घर के सदस्यों को बाहर निकाला। 5 लाख की नगदी व दुकान में रखे आभूषण भी जल गए। घर में 7 लोग थे, जिनमें घनश्याम सोनी और घनश्याम सोनी का साला सत्यप्रकाश सोनी भी झुलस गया।



## बेवजह मारपीट करते हैं दबंग, गांव छोड़ने को मजबूर हैं

**भरतपुर**

भरतपुर जिले के चिकसाना गांव के लोग दबंगों से परेशान होकर मंगलवार को एसपी ऑफिस पहुंचे। जहां उन्होंने सुरक्षा की गुहार लगाई। लोगों का कहना है कि गांव के कुछ दबंग बेवजह मारपीट करते हैं। पुलिस से शिकायत करते हैं तो सुनवाई नहीं होती। गांव छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। पीड़ित ग्रामीण पूरन देई ने शिकायत में बताया- 4 मई को गांव के शैलू, संतराम, ईशव, कुमरसेन जबरदस्ती घर में घुस गए। बेटे और गर्भवती बहू से मारपीट की। बहू के पेट पर लात मारी। इसके बाद सभी लोग पसोड़ी भोला के घर में घुस गए। उसकी पत्नी से भी मारपीट की और सोने की चेन, झुमके लूट ले गए। आरोपियों के पास लाठी, डंडे, कट्टे थे। मामला चिकसाना थाने में दर्ज करवाया लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अब आरोपियों ने आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया है। आए दिन हमारे आते हैं और पूरी बस्ती को जलाने की धमकी देते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। दबंग इसी तरह से उन्हें परेशान करते रहे तो गांव छोड़ देंगे।



## मोबाइल फेंककर भागे दो साइबर ठग, 2 गिरफ्तार

**भरतपुर**

डीग जिले के कामां थाना पुलिस ने सेक्सटॉर्शन से ठगी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को भी पकड़ा है। दो साइबर ठग मोबाइल फेंककर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। आरोपियों के पास से 5 मोबाइल मिले हैं। आरोपी ग्रुप बनाकर साइबर ठगी कर लोगों से मोटी रकम ऐंठते थे। मंगलवार को ष्ठस्ञ्ज टीम को सूचना मिली कि बगीची गांव के बाहर 4 से 5 युवक बैठे हैं। ये मोबाइल से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जहां से तीन को पकड़ लिया। आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम शहनाज निवासी बगीची, आरिफ निवासी अंगरावली बताया। इसमें एक नाबालिग था। तीनों के मोबाइल चेक किए तो उसमें महिलाओं के अश्लील फोटो और वीडियो थे। आरोपियों से पूछताछ में बताया कि वे लोगों से अश्लील बातें कर उन्हें सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसाते हैं और ब्लैकमेल कर ठगी करते हैं। ठगी करते हुए एक मोबाइल से बात करता है। दूसरा युवक रिकॉर्डिंग करता है। पुलिस की दबिश के दौरान शाहिद निवासी बगीची और तैयब निवासी सहसन अपने मोबाइलों को मौके पर फेंक कर भाग गए।



## संत ने आश्रम में किया सुसाइड, तौलिये से फंदा लगाकर दे दी जान

**सवाई माधोपुर**

सवाई माधोपुर के रणथम्भौर रोड स्थित गणेश धाम आश्रम में एक संत ने तौलिये से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इसकी सूचना लोगों ने कुंडेरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में लाया गया। जहां पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव आश्रम को सौंप दिया गया। अब्दुल रहमान ने बताया कि रामदास पुत्र घनश्याम दास महाजन गणेश धाम आश्रम पर रहकर काफी लंबे समय से पूजा पाठ करते थे। सोमवार रात को उन्होंने अपने तौलिये से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मंगलवार को सुबह आश्रम में जाग होने पर इसका पता आसपास के लोगों और ग्रामीणों को लगा। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर कुंडेरा पुलिस मौके पर पहुंची और संत के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पर शव का पोस्टमार्टम कर शव आश्रम को सौंप दिया गया। संत काफी लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। इसके चलते वह मानसिक अवसाद में चल रहे थे। प्राथमिक तौर पर इसी कारण से संत ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## पार्षद ने कुल्हाड़ी से किए कॉन्स्टेबल पर ताबड़तोड़ वार, साथियों के साथ घर में घुसकर परिवार को भी मारने की कोशिश

**अजमेर** जमीन विवाद को लेकर एक पार्षद ने पुलिस कॉन्स्टेबल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। परिवार के लोग बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई, जिसमें प%ी, भाई सहित 6 लोग घायल हो गए। हमले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमलावर कुल्हाड़ी और लाठियों से पीटते नजर आ रहे हैं। मामला मंगलवार सुबह करीब 9 बजे अजमेर के किशनगढ़ का है। मदनगंज घनश्याम सिंह ने बताया कि कॉन्स्टेबल मदनगंज थाने में ही तैनात हैं और ढाणी राठौड़ान के पास रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर के पीछे स्कूल की जमीन है, जहां पर आज सुबह वार्ड 32 का पार्षद मनीष खंगारोत जेसीबी से स्कूल की जमीन पर नींव खुदवा रहा था।

## जवान कर्णवीर को सैन्य सम्मान से दी विदाई, बस से भिड़ी थी स्कॉर्पियो

**झुंझुनूं**



झुंझुनूं के सिंघाना में बाइक-बस और स्कॉर्पियो की टक्कर में सेना के जवान कर्णवीर सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को कर्णवीर के पैतृक गांव हमीरवास में सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों ने कर्णवीर के पिता सेवानिवृत्त हवलदार शीशराम को तिरंगा सौंपा तो उनके आंसू छलक पड़े। बड़े भाई विकास और चचेरे भाई ने मुखाग्नि दी। ग्रामीणों ने बताया- स्कार्पियो में सवार कर्णवीर हादसे से पहले अपने भाई विकास के साथ भतीजे का सिमनी स्थित निजी स्कूल में एडमिशन का फॉर्म लेने के लिए गया था। स्कूल से लौट कर विकास व भतीजे को घर छोड़ कुछ सामान लेने के लिए सिंघाना जाने निकला था। गांव से करीब 500 मीटर दूर कार की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हुई। इसके बाद स्कॉर्पियो बेकाबू होकर मिनी बस में घुस गई। बाइक सवार चोबारा की ढाणी निवासी सुरेश यादव, बस ड्राइवर मानपुरा निवासी हनुमान सिंह, नारेड़ी निजामपुर निवासी साहिल उर्फ राहुल की मौत हो गई थी। स्कॉर्पियो में सवार कर्णवीर और रिंकू का भी निधन हो गया था। रिंकू का अंतिम संस्कार सोमवार शाम को कर दिया गया था। कर्णवीर 2015 में भारतीय सेना में भर्ती हुआ था। वह भारतीय सेना की सिग्नल रेजिमेंट में जबलपुर में हवलदार के पद पर कार्यरत था। कर्णवीर के पिता शीशराम भी भारतीय सेना में थे जो करीब 8 साल पहले हवलदार के पद रिटायर्ड हुए थे। कर्णवीर की शादी 2016 में कोटपूतली के बिंजाहेडा निवासी मीरा के साथ हुई थी। इनके चार साल की बेटी पबीना है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सिग्नल कोर के सुबेदार राजीव, बुहाना एसडीएम हेमंत कुमार, थानाधिकारी कैलाशचंद्र यादव, नौरंग डांगी, विकास भालोठिया ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बजरंग पोसवाल, लालचंद, सुमेर सिंह, राकेश कुमार, प्रवीण कौशिक, पवन कुमार, गिरधारी लाल, कृष्ण ठेकेदार, सुखदेव सिंह, रोहिताश पोसवाल, अशोक कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## 10 करोड़ की हेरोइन पकड़ी, पाकिस्तानी तस्करों से मंगवाई, 2 बदमाश गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर**

श्रीगंगानगर में एक कार से 10 करोड़ रुपए की 2 किलो हेरोइन पकड़ी गई है। इस दौरान कार में 3 लोग सवार थे, जिनमे एक नाबालिग शामिल है। नाबालिग को डिटेन किया गया और 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। यह हेरोइन भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार बैठे पाकिस्तानी तस्करों से मंगवाई गई थी। दरअसल यहां गजसिंहपुर इलाके की 74 आरबी नहर की पुलिया पर पुलिस ने सोमवार देर रात कार में 2 किलो हेरोइन पकड़ी। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस को इस इलाके में बड़ी मात्रा में हेरोइन आने की सूचना मिली थी। इस पर आरबी नहर की पुलिया पर नाका लगाकर वाहनों की तलाशी की गई। इसी दौरान संगराना की तरफ से आ रही काले रंग की कर को रोक कर तलाशी ली गई तो इसमें 2 किलो हेरोइन बरामद हुई। कार में पंजाब के 2 तस्करों के साथ 1 नाबालिक भी सवार था। पुलिस ने नाबालिग को डिटेन किया और दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गई दोनों तस्कर पंजाब के तरन तारन जिले के काजीकोट इलाके के रहने वाले हैं। इनमे मनजीत सिंह पुत्र अजीत सिंह 20 साल का है और निर्मल सिंह पुत्र बंता सिंह 36 साल का है। इन दोनों तस्करों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उन्होंने यह हेरोइन भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार बैठे पाकिस्तानी तस्करों से मंगवाई है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस को तस्करों के इस इलाके में आने का इनपुट मिला था। इस पर पुलिस टीम में त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 तस्करों को धर दबोचा। पकड़ी गई हीरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपए है। दोनों तस्करों के साथ एक नाबालिक को भी डिटेन किया है।



## फिल्मी स्टाइल में घुसे बदमाश, पिकअप से घर तोड़ा, गाड़ी दौड़ाकर उत्पात मचाया

**झुंझुनूं**

झुंझुनूं में सोमवार की शाम फिल्मी स्टाइल में पिकअप सवार बदमाशों ने एक घर को तोड़ दिया और जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने घर की दीवारों को गाड़ियों से तब तक टक्कर मारी, जब तक वे टूट कर धराशायी नहीं हो गई। इस दौरान कई गाड़ियां घर के चारों तरफ चक्कर लगाती रही और घर के पास बनाए होद को भी मिट्टी से भर दिया। घटना गुढ़ागौड़जी थाना इलाके के चारावास में सोमवार की शाम हुई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने बताया कि चारावास निवासी महेंद्र ने मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में महेंद्र ने अपने परिवार के शीशराम, जितेन्द्र, विजयपाल, विजेन्द्र, अनुज समेत 40 से 45 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट कर 3 लाख रुपए नगदी ले जाने का मामला दर्ज करवाया है। सुनील ने बताया कि उनका परिवार के लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इससे पहले बदमाशों ने सोमवार की दोपहर झुंझुनूं सदर थाना क्षेत्र के भेड़ा की ढ़ाणी में इसी परिवार के लोगों पर हमला कर दिया था। पीड़ित परिवार झुंझुनूं कोर्ट में तारीख पर आ रहा था। पीछे से पिकअप गाड़ी से पीड़ित परिवार की ऑल्टो कार को टक्कर मार दी थी। ग्रामीणों को एकत्रित होने पर बदमाश मौके से भाग गए थे। हमले एक महिला घायल हो गई थी। जिसे झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सुनील ने बताया कि उनके पड़ोसी महेन्द्र और शीशराम के परिवार के लोगों से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी को लेकर वह बार बार हमला कर रहे है। परिवार के लोग दहशत में है। पुलिस के अनुसार जिस घर में बदमाशों ने तोड़फोड़ की है, वह सुनील के पडौसी महेन्द्र का मकान है। महेन्द्र का ताऊ के लड़के शीशराम के साथ जमीन को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा है। महेन्द्र विकलांग होने के कारण सुनील उसकी मदद कर रहा था। ये बात शीशराम को अखर रही थी। इसी के चलते शीशराम ने सोमवार को अपने परिवार के साथ झुंझुनूं आ रहे सुनील हमला करवा दिया था। हमले में सुनील, उसकी प%ी, मां, बेटा व चाचा बाल बाल बच गए थे। इस दौरान सुनील की गर्भवती प%ी को चोट आई थी, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया।



## चेन स्नेचिंग और लूट के 2 आरोपी गिरफ्तार, जोधपुर में भी की वारदातें, कई बाइक भी चुराई

**चित्तौड़गढ़**

चित्तौड़गढ़ में चेन स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सात दिन पहले ही दोनों आरोपी शास्त्री नगर में एक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपट्टा मार कर लूट कर ले गए थे। गिरफ्तार आरोपियों ने लूट, चेन स्नेचिंग और बाइक चोरी की कई वारदातें करना स्वीकार किया। इन्होंने जोधपुर में भी वारदातों को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों से चेन भी बरामद कर ली गई है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि 1 मई की सुबह शास्त्री नगर निवासी कांता देवी बोहरा जैन मंदिर जा रही थी। पीछे से बाइक सवार 2 बदमाश महिला के गले से चेन छीन कर भाग निकले। बढ़ती चेन स्नेचिंग की वारदातों को देखते हुए एक टीम का गठन किया गया। घटना के आसपास और शहर के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। तलाश करने पर दोनों आरोपी शहर के ही निकले। एलबीएस स्कूल के पास, सेठ सांवलिया कॉलोनी निवासी ईश्वर पुत्र नाथूलाल धोबी और कुम्भा नगर निवासी मोहम्मद आमीन पुत्र फिरोज खान को डिटेन कर उनसे पूछताछ की गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और चेन भी बरामद कर लिए। दोनों आरोपी ईश्वर धोबी और मोहम्मद आमीन ने लूट, चेन स्नेचिंग और मोटर साइकिलों की चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। दोनों ने मिलकर करीब 13 वारदातें चेन स्नेचिंग, लूट और बाइक चोरी की हैं। दोनों ने चित्तौड़गढ़ शहर के अलावा जोधपुर के झालामंड में करीब 6 से 8 महीने पहले महिला के गले से सोने की चेन छीनी थी। वहीं, उसी समय थोड़ा आगे से एक मोटरसाइकिल भी चुराई थी। वहीं आरोपी ईश्वर धोबी ने अपने भांजे रोहित धोबी के साथ मिलकर जोधपुर के कुड़ी एरिया में एक डेयरी संचालक की गले से सोने की चेन छीनी थी। आरोपियों ने चित्तौड़गढ़ शहर के ईनाणी सिटी सेंटर में लगे मेले के दौरान श्मशान की दीवार के पास खड़ी तीन बाइक चुराई। गांधीनगर में अंजुमन से पहले दो बाइक चुराई। नेहरू पार्क के सामने 6-7 माह पहले एक बाइक चुराई, इंदिरा गांधी स्टेडियम से 3 महीने पहले एक मोटरसाइकिल चुराई, इंदिरा गांधी स्टेडियम से डेढ़ साल पहले दशहरे मेले के समय दो मोटरसाइकिल चुराई, गुलशन वाटिका चितौड़गढ़ से चार-पांच महीने पहले एक मोटरसाइकिल चुराई, बिरला हॉस्पिटल के सामने राजीव गांधी पार्क से करीब डेढ़ साल पहले एक मोटरसाइकिल चुराई और पद्मिनी पार्क चित्तौड़गढ़ से ईद के समय एक मोटरसाइकिल चुराई। इसके अलावा प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़ के आकाश काहर के साथ जिंक कॉलोनी चित्तौड़गढ़ में दिन के समय जिंक गेट के सामने कच्चे रास्ते के पास स्कूटी सवार एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी है।



## जोधपुर में संत की अश्लील चैट और वीडियो आया सामने, बैठक में लिया निर्णय- मठ के काम से दूर होंगे

**जोधपुर**

जोधपुर में एक 500 साल पुराने मठ के महंत का अश्लील वीडियो और चैट सामने आई है। इसमें वह अश्लील बात करते हुए नजर आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि उसके मोबाइल में ऐसे मैसेज भी मिले, जिसमें वह गालियां भी दे रहा है। मामला जिले के बालेसर थाना क्षेत्र के ढांढनिया मठ का है। महंत लिखमपुरी के ये चैट और वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। इसे लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने बैठक भी बुलाई। इसमें निर्णय लिया गया है कि वे ग्रामीणों की निगरानी में रहेंगे। इस पूरे मामले में जब मठ के महंत का पक्ष जानने के लिए कॉल किया तो फोन बंद आया। महंत का वीडियो सामने आने के बाद कोरनावटी पट्टी (84 गांव) के लोगों की बैठक बुलाई गई। इसमें महंत को मठ के कार्यों से दूर रखने का निर्णय लिया गया है।



### रील में लिखा स्त्री का साथ हमेशा चाहिए

बताया जा रहा है वीडियो करीब 2 महीने पुराना है। दावा ये भी है कि ब्लैकमेल करने के लिए संत के इस वीडियो को शेयर किया गया। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। रील बनाने के शौकीन महंत ने 31 जनवरी 2023 को एक रील अपलोड की थी। इसमें लिखा- पुरुष को एक स्त्री का हमेशा साथ हमेशा चाहिए। फिर चाहे मंदिर हो या संसार। इसी रील में स्त्री की एक फोटो के साथ लिखा इनको प्रकृति ने इतनी ताकत दी है की किसी भी चीज को आबाद और बर्बाद दोनों कर सकती है (संभलकर)। जोधपुर से लगभग 55 किमी की दूरी पर ये मठ बना हुआ है। जो करीब 500 साल पुराना है। है। यहां कई संतों की समाधियां भी हैं। यहां पर पूर्व के महंत भंवर पूरी के निधन के बाद इसे करीब 6 साल पहले महंत बनाया गया था। इसके बाद से ही लिखमपुरी मठ का सारा कामकाज देखता था। इतना ही नहीं उत्तराधिकारी होने के नाते मठ की प्रॉपर्टी भी पहले से महंत के नाम थी। प्राचीन मठ होने की वजह से यहां आसपास के कहीं गांव के श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है। मठ से करीब आस-पास के 84 गांव जुड़े हुए है। मठ का महंत लिखामपुरी सोशल मीडिया पर अपने स्टेटस अपलोड करता रहता था। अपना प्रभाव दिखाने के लिए अलग-अलग जगह पर जाकर रील बनाकर पोस्ट करता रहता है। इसमें लग्जरी गाड़ियों के अलावा हैरिटेज पैलेस, कायलाना झील आदि जगहों के वीडियो है। इतना ही नहीं धार्मिक कार्यक्रमों, प्रवचन के वीडियो कई वीडियो शेयर किए हुए है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।